शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 2196 /E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 30/01/2024

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सत्र 2023–24 हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचनाओं के अनुक्रम में छात्रहित में समस्त कक्षाओं (बी.एड. सहित) के नियमित/भूतपूर्व तथा स्वाध्यायी छात्रों के द्वारा विलंब शुल्क सहित ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु तिथि में वृद्धि करते हुए निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती हैः–

क्रं.	विवरण	तिथि
01	समस्त कक्षाओं (बी.एड. सहित) के नियमित/भूतपूर्व तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ	दिनांक 01.02.2024 से दिनांक 11.02.2024 रात्रि 12:00 बजे तक
02	छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 13.02.2024 तक
03	महाविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की सूची (Roll List 2023–24) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में परीक्षा आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 14.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 तक

नोटः–

- सत्र 2022–23 में पूरक घोषित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित पश्चात् पृथक से समय–सारिणी जारी की जायेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं.2197 /E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनांक 30/01/2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी/उप–कुलसचिव (वित्त/भंडार) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

Scanned with AnyScanner